
# साप्ताहिक सूचना पत्र



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मोरनी में एडवेंचर स्पोर्टस की शुरूआत

(दिनांक 20.06.21)



**विषय: मोरनी में एडवेंचर स्पोर्टस की शुरूआत।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने मोरनी एरिया को पर्यटन की दृष्टि से बढावा देने और विकसित करने के उद्देश्य से कई एडवेंचर स्पोर्टस की शुरूआत की जिसमेंः –

- पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बलून, वॉटर बोट आदि शामिल हैं।
- इसके अलावा थापली में एक पंचकर्मा सेंटर और ऑक्सीजन का भी उद्घाटन किया।

इन सबसे मोरनी न केवल पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा बल्कि आयुर्वेदिक चिकित्सा का भी आने वाले समय में केन्द्र होगा।


## 7वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस

(दिनांक 21.06.21)

**विषय: 7वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने 7वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस को कोरोना के चलते अपने चण्डीगढ़ स्थित आवास पर ही मनाया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी लोगों को योग को अपने जीवन और दिनचर्या में लाने का आवहान किया। साथ ही योग को वर्तमान समय की जरूरत और स्वस्थ जीवन का मूलमंत्र बताया।





# साप्ताहिक सूचना पत्र

## MSME इण्डस्ट्री को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत योजना की समीक्षा

(दिनांक 21.06.21)



**विषय: MSME इण्डस्ट्री को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत योजना की समीक्षा।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा MSME इण्डस्ट्री को बढ़ावा देने और हरियाणा को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इण्डस्ट्री की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें कई निर्णय लिए गएः–

- पूरे प्रदेश को इण्डस्ट्री की दृष्टि से जोन में बांटकर इण्डस्ट्री को डेवपल किया जाएगा।
- प्रदेश के हर जिले को वहां पैदा होने वाली मुख्य फसल के अनुरूप एक फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जाएगी।
- छोटी इण्डस्ट्री को बढावा देने के लिए HSIIDC द्वारा छोटे इण्डस्ट्रीयल प्लाट काटे जाएंगे।
- MSME इण्डस्ट्री को बढावा देने के लिए छोटे उद्यमियों को बैंकों से ऋण की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

## हॉउसिंग फॉर ऑल की बैठक


(दिनांक 21.06.21)

**विषय: हॉउसिंग फॉर ऑल की बैठक।**

**निर्णय:** माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा आज हॉउसिंग फॉर ऑल विभाग की समीक्षा बैठक ली गई ताकि हर एक व्यक्ति को उसका अपना घर देने का संकल्प जल्द से जल्द पूरा हो सके। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय हुएः–



- हॉउसिंग बोर्ड के तहत बने सभी मकानों को अब ओपन बोली के माध्यम से बेचा जाएगा।
- सभी मकानों की बेस प्राइज की समीक्षा की जाएगी और यदि वर्तमान समय के हिसाब से उनके दाम अधिक हैं तो उन्हें कम किया जाएगा।
- SWE कैटेगिरि के तहत आरक्षित मकान जो कई सालों से नहीं बिके हैं उन्हें सभी के लिए खोल दिया जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

हॉउसिंग बोर्ड को हॉउसिंग फॉर ऑल विभाग में समायोजित कर दिया जाएगा।

- हॉउसिंग फॉर ऑल विभाग अपनी प्राइज लोकेशन की खाली पड़ी जमीनों को बेचकर उस आमदनी को गरीबों के लिए घर बनाने में लगाएंगे।

## सोशल ऑडिट सिस्टम

(दिनांक 22.06.21)

**विषय: सोशल ऑडिट सिस्टम।**



**निर्णय:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज पंचायती राज संस्थाओं और लोकल बॉडी के माध्यम से किए जा रहे विकास कार्यों के लिए एक सोशल ऑडिट बनाने के लिए समीक्षा बैठक की गई। जिसमें निर्णय लिए गए कि :–

- हर गांव में और शहर में एक सोशल ऑडिट टीम बनाई जाएगी। इस टीम की अध्यक्षता उपायुक्त करेंगें। तथा समाज के गणमान्य नागरिक, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग वॉलेंटियर्स और कोई एक सरकारी कर्मचारी इस टीम का सदस्य हो सकेगा।
- यह टीम केवल पंचायत और लोकल बॉडी के माध्यम से किए गए कार्यों की समीक्षा कर सकेगी और अपनी अनुशंसा दे सकेगी।
- इस तरह के सिस्टम के बनने के बाद विकास के कार्यों में न केवल पारदर्शिता आएगी बल्कि उनकी गुणवत्ता में भी सुधार होगा और कार्य करने वालों की सामाजिक जिम्मेदारी भी तय होगी।

## SWC (स्टेट वर्किंग कमेटी) की बैठक


(दिनांक 24.06.21)



**विषय: SWC (स्टेट वर्किंग कमेटी) की बैठक।**

**प्रभाव:** संगठन में पदाधिकारियों को दायित्व देने के बाद आज पार्टी की पहली स्टेट वर्किंग कमेटी की बैठक हरियाणा निवास चण्डीगढ़ में हुई। जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी, विधायकों के साथ–2 पार्टी के प्रदेश प्रभारी और माननीय मुख्यमंत्री जी स्वयं उपस्थित थे।

- इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सरकार के कार्यों, प्रदेश को



# साप्ताहिक सूचना पत्र

लेकर अपने विजन और उद्देश्य के साथ ही सबका साथ और सबका विकास के अपने संकल्प को दौहराया।

• इस अवसर पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा जी भी विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े। उन्होंने न सिर्फ पार्टी और सरकार के कार्यों की सरहाना की बल्कि हरियाणा को बाकी प्रदेशों के लिए रोल मॉडल भी बताया और आगे के लिए शुभकामनाएं दी।

## संत कबीर जयंती


(दिनांक 24.06.21)




**विषय: संत कबीर जयंती।**

**प्रभाव:** संत कबीर जयंती के उपलक्ष्य पर आज माननीय मुख्यमंत्री जी के निवास स्थान चण्डीगढ़ पर भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की।

• इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने संत कबीर दास जी को याद करते हुए उन्हें श्रद्वांजलि दी और कहा कि हम सब गलत को गलत कहना कबीर दास जी से सीख सकते हैं। हमें उनकी सीख को आज अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## CII की बैठक।

(दिनांक 24.06.21)



**विषय:** CII की बैठक।

**प्रभाव:** हरियाणा को व्यापार के क्षेत्र के रूप में आगे बढ़ा ने और इण्डस्ट्री हब के रूप में डेवलप करने के उद्देश्य से आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने CII के साथ बैठक की। जिसमें निर्णय लिये गये कि :–

- हरियाणा में फार्मा इण्डस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए फार्मा पार्क स्थापित किया जाएगा।
- देश को दवाईयों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में हरियाणा महत्वपर्णू भूमिका निभाएगा।
- फार्मा इण्डस्ट्री को डेवलप करने के लिए विशेष योजना बनाई जाएगी।

इस अवसर पर भारत सरकार में स्वास्थ्य सचिव अपर्णा जी भी विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित रही और उन्होंने हरियाणा को इस दिशा में पूर्ण योगदान देने का आश्वासन दिया।

## सिओल सेमी कन्डक्टर कंपनी साउथ कोरिया के साथ बैठक

(दिनांक 25.06.21)

**विषय:** सिओल सेमी कन्डक्टर कंपनी साउथ कोरिया के साथ बैठक।



**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज साउथ कोरिया के राजदूत और वही की कंपनी सिओल सेमी कंडक्टर का कोरोना के दौरान किए गए CSR योगदान के लिए उनका धन्यवाद किया और उन्हें हरियाणा में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

इस अवसर पर साउथ कोरिया के राजदूत ने हरियाणा में उद्योगपतियों के बढ़ते विश्वास के लिए मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद दिया और हरियाणा में भविष्य में निवेश करने का आश्वासन दिया।